## खबर संक्षेप

### खेल महोत्सव में व्हालीबाल, खो खो की हुई प्रतियोगिता

**स्लीमनाबाद।** सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन बॉलीबॉल और खो-खो खेल प्रतियोगिता अंतर्गत बॉलीबॉल में विजेता विलियम हेनरी स्कूल उपविजेता ग्रेस मिशन स्लीमनाबाद, 15 से 19 वर्ष में 19 से 29 वर्ग में स्वामी विवेकानंद कॉलेज व्हालीवाल में बालक वर्ग में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। खो -खो में ही बालक-बालिका वर्ग में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। वही तीसरे दिन खो -खो खेल में बालक वर्ग में तीन टीमों ने भाग लिया। जिसमें ज्ञान मंगलम तेवरी, आदर्श विद्या पीठ, ग्रेश मिशन स्लीमनाबाद जिस में उपवेजिता आदर्श विद्यापीठ, विजेता ग्रेस मिशन स्कूल स्लीमनाबाद बालिका वर्ग में विजेता सांदीपनि विद्यालय स्लीमनाबाद, उपविजेता आदर्श विद्यालय स्लीमनाबाद रहा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, शैलेन्द्र पुरी,खेल समन्वयक चेतना झा, दिनेश कनौजिया,महेंद्र सिंह ठाकुर, संजय दुबे, एडीईओ जे पी दीवान,जिला प्रभारी प्रमोद डेहरिया, रोजगार सहायक परमेश्वर दयाल, अजीत जायसवाल, नीरज ज्योतिषी चंद्रभान चौधरी,सुखचैन चौधरी चेतन झा उपस्थित रहे।

### बड़वारा थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, दो गंभीर घायलों को जबलपुर किया रेफर

# बाइक सवार तीन युवक हादसे का हुए शिकार, एक की मौत, 2 गंभीर

जिले में सड़क हादसों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है आये दिन मौतें हो रही है। वाहनों की रफ्तार जिंदगियां लील रही हैं। यातायात नियमों का पालन नही करना, नशे में वाहन चलाना भी हादसों की वजह बन रहे हैं। नेशनल हाईवे तो हादसों का पर्याय बनता जा रहा है। संकेतकों की कमी व गड्ढे भी मुसीबत बढ़ा रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र में पथवारी रेलवे अंडरब्रिज के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में 18 वर्षीय शुभम चौधरी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायलों को जबलपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा गुरुवार को उस समय हुआ जब तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर भजिया ग्राम से अमरपुर धनवाही की ओर जा रहे थे। पथवारी रेलवे अंडरब्रिज से गुजरते समय एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और उस पर सवार सभी युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद तीनों घायल युवक सड़क पर पड़े थे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा पहुंचाया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालांकि, चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें कटनी के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार दोपहर धनवाही ग्राम निवासी 18 वर्षीय शुभम चौधरी पुत्र रामदास की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। लवकुश चौधरी और पुष्पेंद्र चौधरी दोनों धनवाही ग्राम निवासी को जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## गारमेंट क्लस्टर की भूमि पर किया जा रहा था अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला प्रशासन की सक्रियता और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के त्वरित एक्शन से रेडीमेड गारमेंट कलस्टर के लिए आवंटित भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को तुरंत रोक दिया गया है। यह मामला टिकरिया, कैलवाराखुर्द स्थित गारमेंट क्लस्टर की 2.9 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है, जहां एक स्थानीय निवासी द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था।

मामले का पता तब चला जब बुधवार 3 दिसंबर को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कटनी की महाप्रबंधक, श्रीमती ज्योति सिंह चौहान ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि क्लस्टर हेतु आवंटित भूमि के एक हिस्से में कैलवाराखुर्द निवासी कैलाश पटैल द्वारा भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

महाप्रबंधक श्रीमती चौहान ने तत्काल इस मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम कटनी और तहसीलदार कटनी ग्रामीण के निर्देश पर पटवारी किरण सेन को स्थल पर भेजा गया, जिन्होंने निर्माण कार्य को तत्काल बंद कराया।

मौके पर उपस्थित कैलाश पटैल को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह तुरंत निर्माण कार्य बंद करें। प्रशासन ने उन्हें चेताया है कि जब तक वह अपनी निजी जमीन का विधिवत सीमांकन नहीं करा लेते, तब तक वह कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कर सकते। इस दौरान, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमति ज्योति सिंह चौहान और क्षेत्रीय प्रबंधक सुश्री अनामिका जैन भी मौके पर उपस्थित रहीं।

*निर्वाचन कार्यक्रम जारी, 18 दिसंबर को प्रतीकों का होगा आवंटन*

## जिले में 12 पंच के लिए 29 दिसंबर एवं सरपंच के लिए 2 जनवरी को निवार्चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु जिले में रिक्त 12 पंच और 1 सरपंच पद के उप निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके लिए सोमवार 15 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे से अपरांह 03:00 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख निर्धारित है। इसी प्रकार मंगलवार 16 दिसंबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 18 दिसंबर को अभयर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख है और इसी दिन अपरांह 03:00 बजे के बाद अभयर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो सोमवार 29 दिसंबर को प्रातः 07:00 बजे से अपरांह 03:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा।




पंच पद के लिए मतगणना 29 दिसंबर को ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद की जाएगी जबकि सरपंच पद की विकासखंड मुख्यालय विजयराघवगढ में मतों की गणना शुक्रवार 02 जनवरी 2026 को की जाएगी। जबकि पंच पद के निर्वाचन परिणाम की घोषणा सोमवार 05 जनवरी को और सरपंच पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा शुक्रवार 02 जनवरी को की जाएगी।

### यहां होंगे के उपचुनाव

उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के निर्वाचन की अधिसूचना के अनुसार कटनी जिले की जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत सैदा के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम पंचायत बिचुआ के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत घंघरीकला के वार्ड क्रमांक 10 एवं ग्राम पंचायत घंघरीखुर्द के वार्ड क्रमांक 05, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत देवरी के वार्ड क्रमांक 12, ग्राम पंचायत लुहरवारा के वार्ड क्रमांक 01 एवं ग्राम पंचायत निगहरा के वार्ड क्रमांक 11, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पटना के वार्ड क्रमांक 10, ग्राम पंचायत मसंधा के वार्ड क्रमांक 02, ग्राम पंचायत सिंदुरसी के वार्ड क्रमांक 02, ग्राम पंचायत बडखेरा भरदा के वार्ड क्रमांक 08 एवं ग्राम पंचायत तिहारी के वार्ड क्रमांक 07, जनपद पंचायत विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत कुटेश्वर के सरपंच पद के उपनिर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है।

## गणना प्रपत्रों का सौ-फीसदी डिजिटाईजेशन कर बहोरीबंद बनी जिले की पहली विधानसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विधानसभा मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का सौ-फीसदी डिजिटाईजेशन पूरा करने वाली कटनी जिले की पहली विधानसभा बन गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने एसआईआर कार्य में लगे 94-बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के शासकीय कर्मियों सहित सभी 295 बीएलओ की सराहना की। विधानसभा क्षेत्र 94-बहोरीबंद में शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य सबसे पहले पूरा किया गया है। यहां के सभी 2 लाख 49 हजार 51 मतदाताओं के गणना-प्रपत्रों का डिजिटाईजेशन हो चुका है।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने बहोरीबंद के ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ एवं सुपरवाईजर सहित इस कार्य में जुटे सभी सहयोगी कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में बहोरीबंद को यह उपलब्धि टीम की तकनीकी दक्षता, बेहतर समन्वय, समयबद्ध कार्यप्रणाली की वजह से अर्जित हुई है। बहोरीबंद की टीम ने जोश,जज्बे और लगन से काम किया। यहां तक कि रात के समय में भी ऑनलाईन डेटा फीडिंग एवं दस्तावेज अपलोड का कार्य जारी रहा, जिससे बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र ने डिजिटाईजेशन कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धियां दर्ज की है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्टर-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौंद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. बी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालबानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास बैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## पुलिस लाइन में जनरल परेड का हुआ आयोजन, वाहनों का भी किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में हुई परेड में टुकड़ियों ने रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत के निर्देशन में सलामी दी। एसपी ने परेड का अवलोकन कर पुलिसकर्मियों के टर्नआउट, अनुशासन और एकरूपता की बारीकी से समीक्षा की तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मौके पर प्रशंसा-पत्र प्रदान किए। परेड अभ्यास में प्लाटून कमांडरों द्वारा एकल ड्रिल कराया गया। समापन पर एसपी विश्वकर्मा ने कहा कि पुलिस बल को शारीरिक रूप से फिट, अनुशासित और सदैव तत्पर रखना ही जनरल परेड का उद्देश्य है।इसके उपरांत एसपी ने एमटी परेड में सभी शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया। इस दौरान वाहनों की सफाई, इंजन, संचार उपकरण, पीए सिस्टम, सायरन, बलवा नियंत्रण सामग्री, आंसू गैस, प्राथमिक उपचार किट, लॉगबुक व मेंटेनेंस रिकॉर्ड आदि का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि थाना/चौकी के सभी वाहन हर समय रोड-रेडी स्थिति में रहें और सुरक्षा उपकरण पूर्णतः उपलब्ध हों। परेड में एएसपी संतोष डेहरिया, सीएसपी नेहा पच्चीसिया, डीएसपी उषा राय, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत आदि की उपस्थिति रही।

### छात्रा सान्वी अग्रवाल को मिली 'नृत्यश्री' की उपाधि

**कटनी।** मानस भवन में आयोजित 45वें अखिल भारतीय नृत्य एवं संगीत समारोह में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एनकेजे कटनी की आठवीं कक्षा की छात्रा सान्वी अग्रवाल को प्रतिष्ठित 'नृत्यश्री' उपाधि से सम्मानित किया गया। उनकी विलक्षण कला, उत्कृष्ट प्रस्तुति और सांस्कृतिक योगदान ने सभी का दिल जीत लिया। 45वां अखिल भारतीय नृत्य एवं संगीत समारोह एक प्रतिष्ठित आयोजन है, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली कलाकार भाग लेते हैं। ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने तथा नृत्यश्री की उपाधि से सम्मानित होने की सान्वी की इस उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालय, बल्कि पूरे कटनी जिले को गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार जैन और सभी शिक्षकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सीईओ ने बड़गांव,घुघरा और रैपुरा पंचायतों का किया औचक निरीक्षण

## जन उपयोगी होने पर ही कराएं विकास निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायतों बड़गांव, रैपुरा एवं घुघरा का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, पंद्रहवां वित्त, स्टाम्प शुल्क आदि मदों से निर्मित सामुदायिक भवन, नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य, वृक्षारोपण कार्य, शांति धाम, तालाब निर्माण एवं सीवर लाइन सहित अन्य कार्यों का गहन बारीकी से अवलोकन किया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने कराए गए कार्यों की नस्तियों,एस्टीमेट का अवलोकन कर सीसी आदि की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्राम वासियों से संवाद किया एवं कराए गए कार्यों की उपयोगिता के विषय में जानकारी ली।

सुश्री कौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण एवं विकास कार्यों की स्वीकृति लेने के पूर्व भली भांति स्थल परीक्षण कर लेवें कि कार्य जनोपयोगी हो। जहां शासकीय राशि व्यय की जा रही है उसका लाभ अधिक से अधिक ग्राम वासियों को मिले।

जिपं सीईओ सुश्री कौर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों के सरपंच,सचिव और ग्राम रोज़गार सहायकों से जलकर, संपत्ति कर एवं स्वच्छता कर की वसूली के विषय में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की सहमति से करारोपण कर आय के स्रोत बनाएं, ताकि होने वाली आय से मेंटेनेंस कार्य एवं बिजली बिल आदि का भुगतान समय पर हो सके। कर वसूली से आय का ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्त रखें।

### अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करा कर सीसी जारी कराएं

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने ग्राम पंचायतों और तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा के विगत वर्षों के स्वीकृत आवास एवं अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराते हुए सीसी जारी कराएं। यदि कार्य पूरा नहीं होता है तो उन्होंने यह भी कहा कि सर्व संबंधितों के विरुद्ध विधि सम्मत तरीके से वसूली की कार्यवाही प्रस्तावित करें।

## खबर संक्षेप



### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर भेदभाव करने का आरोप

**बड़वारा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने भेदभाव के संबंधी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी को सौंपी गई है। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत खुर्सी (माझागवा) में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माया बर्मन के द्वारा SC, ST समाज के लोगों के साथ भेदभाव किया जाता है। जैसे की रजिस्टर में साइन कराया जाता है दूर से फेंक कर। पूछने में बताया जाता है कि मैं बोतल में पानी लिए है और यह जात के चौधरी हैं। इसलिए मैं अपनी बोतल नहीं छुआ सकती। भीम आर्मी के पदाधिकारी उस जगह मौजूद थे जो कि उनके सामने यह घटना घटित हुई है। मोहल्ले के लोगों को जाति सूचक शब्द बोलते हुए आगे निकल गई और यह भी बोल रही थी कि तुमसे जो बन सके कर लेना हम ऐसे ही करते हैं और करते रहेंगे। शिकायत पत्र सौंपते समय भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध जिला उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी जिला सचिव अनिमेष पटेल सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### सीएसआर के प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली मध्यप्रदेश कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) समिति की आगामी बैठक को देखते हुए नगर पालिक निगम, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शासकीय तिलक कन्या महाविद्यालय, खेल विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को विभागांतर्गत सीएसआर के अंतर्गत कराई जाने वाली गतिविधियों एवं कार्यों की प्रविष्टि सीएसआर पोर्टल पर अपलोड करने हेतु अपने प्रस्तावों व रिपोर्ट की प्रति तत्काल महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कटनी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

### निराश्रितों को ठंड से बचाने रैन बसेरा की सुविधा

**कटनी।** वर्तमान में निरंतर बढ़ रही शीत लहर के प्रकोप से यात्रियों, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए रैन बसेरा की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त रखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर निराश्रितों को सुरक्षित रूप से आश्रय स्थल रैन बसेरा तक पहुंचाने हेतु रात्रिकालीन निःशुल्क वाहन सेवा भी निरंतर जारी है। रैन बसेरा प्रभारी एवं निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि बस स्टेंड स्थित रैन बसेरा में वर्तमान शीतलहर एवं जरूरतमंदों की सुविधा को देखते हुए पर्याप्त संख्या में बिस्तरों एवं गर्म कपड़ों रजाई, गद्दे के अलावा स्वच्छता, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है, ताकि कोई भी ठंड से परेशान न हो सके। इसके अतिरिक्त रैन बसेरा वाहन के माध्यम से नगर के विभिन्न स्थलों, रेलवे स्टेशन के बाहर, बस स्टैंड परिसर, जिला चिकित्सालय, उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर सहित अन्य विभिन्न स्थलों में रात्रिकालीन नगर भ्रमण करते हुए रैन बसेरा की मुनादी कराई जाकर जरूरतमंदों को वाहन में बैठाकर रैन बसेरा तक निःशुल्क पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

### 'प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत' करने हुआ कार्यक्रम

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं वनस्पति विज्ञान विषयों पर आधारित नवाचार प्रोजेक्ट और तकनीकी ज्ञान को देखते हुए विषय विशेषज्ञों ने सक्रिय रूप से योगदान दिया तथा सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जागरूकता, रचनात्मक सोच और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था।

### किसानों की मांग पर जल संसाधन विभाग ने जलाशयों से पानी छोड़ना किया प्रारंभ

# किसानों को राहतः जलाशयों से छोड़ा पानी, 18 हजार एकड़ में होगी सिंचाई

रबी सीजन का कृषि कार्य शुरू हो चुका है। कृषक खेतो को तैयार करने के साथ जुताई व बोवनी कार्य शुरू कर दिए है।वही कृषि विभाग के द्वारा भी बहोरीबंद विकासखण्ड के लिए रबी सीजन के लिए 28 हजार हैक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। इस बीच रबी सीजन के लिए किसानों को फसलों के लिए सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता हो सके ,इसके लिए जल संसाधन विभाग ने विकासखंड के 15 जलाशयों से किसानों को रबी सीजन की फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जल संसाधन विभाग के द्वारा पलेवा कार्य व सिंचाई के लिए किसानों की मांग अनुरूप 4-5 जलाशयों से पानी माइनर नहरों से छोड़ दिया गया जिससे किसान पलेवा व सिंचाई करने मै जुट गए है। बहोरीबंद विकासखण्ड के 15जलाशयों से 18 हजार एकड़ की फसल सिंचित होगी।बहोरीबंद , सकरवारा, खलरहा,छपरी, मसन्धा, रामपाटन, जुझारी, शांतिनगर, बंदरचुआ, देवरी, कौड़िया, रुपनाथ, कलरहाई, सलैया व हिनौती जलाशय से किसानों को पर्याप्त मात्रा मे सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।जिससे खेतो में रबी सीजन की फसलें लहलहाएगी।

#### ताकि अच्छा उत्पादन हो सके

किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन में वर्षा पर्याप्त मात्रा मे होने से खरीफ सीजन की खेती भी अच्छी हुई है जिससे उत्पादन सही हुआ है।हालांकि बीच मे भूरा माहू रोग लगने से उत्पादन प्रभावित जरूर हुआ है। साथ ही अब रबी सीजन में भी गेंहू की खेती का उत्पादन अच्छा हो इसके लिए पानी की उपलब्धता जरूरी है।

#### 15 जलाशयों से छोड़ा जायेगा पानी

जल संसाधन विभाग के उपयंत्री एल एन तिवारी ने बताया कि बहोरीबंद विकासखंड मे जिन 15 जलाशयों से रबी सीजन फसल सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता किसानों को दी जानी है उसके लिए जल संसाधन विभाग की ओर से अभी किसानों की मांग अनुरूप 4-5 जलाशय बहोरीबंद, सकरवारा व जुझारी से पानी छोड़ दिया गया है!जो माइनर नहर के माध्यम से खेतों तक पहुंचेगा!इन सभी 15 जलाशयों से सिंचाई के लिए तीन बार व जरूरत पड़ी तो चार बार सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जायेगा।

#### इनका कहना है

उपयंत्री जल संसाधन विभाग बहोरीबंद एलएन तिवारी का कहना है कि बहोरीबंद ब्लाक में सिंचाई के लिए 15 जलाशयों से 18 हजार एकड़ फसल सिंचित होगी व किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगा।15 जलाशयों से किसानों की मांग पर पानी, सिंचाई के लिए माइनर नहरों मैं छोडा जाएगा।

# बाउंड्रीवाल विवाद को लेकर बुजुर्ग दंपत्ति, बेटी पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



बाउंड्रीवाल विवाद को लेकर एक बुजुर्ग दंपत्ति और उनकी बेटी पर पड़ोसी परिवार के आधा दर्जन सदस्यों द्वारा बुरी तरह से मारपीट की गई। घटना गुरुवार शाम करीब 04:50 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता उत्तमचंद गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके खाली प्लॉट में बनी बाउंड्रीवाल के विवाद में पड़ोसी पक्ष ने हमला बोला जिसमें कृष्ण कुमार सोनी सुनीता सोनी, राजा सोनी राजकुमारी सोनी, और प्रकाशचंद सोनी की पत्नी शामिल हैं। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने फावड़ा, लाठी और गैंती लेकर अचानक उनके घर में घुसकर हमला कर दिया वारदात को अंजाम देने के बाद उनके प्लाट की बाउंड्रीवाल भी तोड़ दिया गया। इस वारदात में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

उत्तमचंद गुप्ता कई अंगों में चोटें आईं। शिकायतकर्ता की पत्नी सुनीता गुप्ता बीच बचाव करने पर कृष्ण कुमार सोनी ने फावड़ा मारा एवं राजा सोनी ने गैंती से हमला किया जिससे दाहिने कंधे और कलाई में चोटें आईं है। उनकी बेटी प्रियंका सोनी को राजकुमारी सोनी ने डंडे से मारा जिससे नाक और दाहिनी आंख के नीचे चोट लगी।

शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए कहा तुम लोगों को जान से खत्म कर देंगे इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस की कार्यवाही मारपीट में घायल तीनों लोगों को पुलिस ने तत्काल शासकीय अस्पताल भेजा, जहाँ उनका डॉक्टरी परीक्षण कराया गया इसके उपरांत ज्यादा चोटें फेक्चर होने पर जिला अस्पताल कटनी रिफर कर दिया गया है जहां इलाज जारी है। पुलिस ने शिकायत पत्र के आधार पर मारपीट, घर में घुसकर हमला जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में FIR दर्ज कर मामले को पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### कोतवाली पुलिस ने बदमाश को गुनौर से किया गिरफ्तार

# एटीएम कार्ड बदलकर वृद्ध के खाते से रकम निकालने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश ने एटीएम कार्ड बदलकर एक वृद्ध को चूना लगाया था। ठगी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गुनौर जिला पन्ना से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जबकि उसका साथी पहले से ही अन्य प्रकरण में जेल में बंद है। पुलिस के अनुसार शास्त्री कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय सीताराम द्विवेदी सेवानिवृत्त वाणिज्य कर विभाग कर्मचारी 01 अगस्त 2025 को खिरहनी ओवरब्रिज के नीचे स्थित एसबीआई एटीएम में अपनी पेंशन की जानकारी लेने पहुंचे थे। इसी दौरान एक युवक एटीएम के भीतर घुसा, उनके पीछे खड़े होकर उनका गोपनीय पिन नंबर देख लिया और बातचीत में उलझाकर उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। उस समय वृद्ध व्यक्ति को कार्ड बदलने की भनक तक नहीं लगी। कुछ दिनों बाद जब उन्होंने ATM से राशि निकालने का प्रयास किया, तो कार्ड पर किसी अन्य व्यक्ति का नाम लिखा पाया। बैंक में जानकारी ली गई तो सामने आया कि उनके खाते से अलग-अलग स्थानों से एटीएम कार्ड के माध्यम से रकम निकाली जा चुकी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 969/25 धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित किए गए, जिनमें दो युवक असल घटना को अंजाम देते साफ दिखाई दिए। फुटेज को आसपास के जिलों में प्रसारित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। कुछ ही समय में जानकारी मिली कि संदिग्ध देवेन्द्र नगर जिला पन्ना के रहने वाले हैं।

थाना प्रभारी राखी पाण्डेय के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। चौकी प्रभारी खिरहनी महेन्द्र जायसवाल एवं टीम ने फुटेज और तकनीकी इनपुट के आधार पर दोनों संदेहियों की पहचान गोलू उर्फ मोहित बुंदेला और शिवा सोनी के रूप में की। तकनीकी निगरानी, मुखबिर की सूचना और सटीक लोकेशन के आधार पर मुख्य आरोपी मोहित उर्फ गोलू बुंदेला को गुनौर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वारदात उसने अपने साथी शिवा सोनी के साथ मिलकर की, जो वर्तमान में जिला जेल मैहर में निरुद्ध है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

थाना प्रभारी राखी पाण्डेय के अनुसार आरोपी विशेषकर वृद्ध व्यक्तियों को ही निशाना बनाते थे। वे 'मदद' का झांसा देकर एटीएम कक्ष में प्रवेश करते, पिन नंबर देखकर कार्ड बदल देते और अन्य शहरों से रकम निकाल लेते थे। लगातार बढ़ती साइबर ठगी और एटीएम धोखाधड़ी को देखते हुए पुलिस आमजनों को जागरूक रहने की सलाह दे रही है।

### बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण की दिलाई गई शपथ



कलेक्टर आशीष तिवारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के लिए '100 दिवसीय विशेष अभियान' अंतर्गत ज़िलें में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत के लिए '100 दिवसीय विशेष अभियान' अंतर्गत श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार के उद्बोधन के सीधे प्रसारण को ज़िलें के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों, परियोजना कार्यालयों, वन स्टॉप सेंटर एवं बाल देखरेख संस्थाओं में छात्रों, बच्चों, महिलाओं एवं जनसमुदाय द्वारा बड़ी संख्या में देखा गया। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई गई। शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में श्रीमती चित्रा प्रभात, प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी द्वारा छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलवाई गई। सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक द्वारा छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी गई। बताया गया कि बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन 181 एवं राष्ट्रीय आपातकालीन सहायता नंबर 112 पर सूचना दें।

# जल संचय करने श्रमदान कर किया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के प्रस्फुटन ग्राम मड़ई में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी के द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित ग्राम वासियों समिति के उपस्थित सदस्यों से जल संचय अभियान के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने हेतु प्रेरित किया गया।

परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने संपूर्ण जिले में नवांकुर संस्थाओं प्रस्फुटन समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा चलाए जा रहे जलसंचय अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी ग्राम वासियों को जन भागीदारी से नदी नालों में बहने वाले पानी को रोक कर सिंचाई, पशु पक्षियों आदि के उपयोग के लिए बचाने हेतु अधिकतम सहभागित्ता करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की छात्राओं के द्वारा जल संचय से संबंधित गीत में शानदार नृत्य प्रस्तुत करते हुए ग्राम वासियों को जल संचय करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में रैली निकालकर जल संचय करने का संदेश दिया गया एवं आगामी कार्यक्रम हेतु कार्य योजना तैयार की गई। तत्पश्चात द्वितीय चरण में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम के बाहर बहने वाली नदी में श्रमदान के माध्यम लगभग 100 बोरियों का बोरी बंधान किया गया।इस अभियान में विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राम लखन चौधरी सदस्य शिवकुमार चौधरी गनपत कोल श्रीमती रूपा बर्मन मुख्यमंत्री नवाबपुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति साध्वी निगम नव परिवर्तन प्रकाश फाऊंडेशन से शिवम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### योजना का लाभ लेकर अधिक मजबूती से प्रारंभ कर सकेंगे व्यवसाय

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत 8 पथ विक्रेताओं को 2.25 लाख ऋण स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासन के माध्यम से संचालित महात्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर के रेहड़ी-पटरी एवं पथ व्यवसायियों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पात्र 8 हितग्राहियों को दो लाख 25 हजार रूपये का ऋण स्टेट बैंक आफ इंडिया मेन ब्रांच से स्वीकृत किया जाकर ऋण राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। योजना का लाभ प्राप्त होनें से पथ विक्रेता अब बिना विलंब अपने व्यवसाय को और भी अधिक मजबूती के साथ प्रारंभ कर सकेंगे।

योजना प्रभारी यश रजक ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रकरण स्टेंट बैंक आफ इंडिया मेन ब्रांच की ओर ऋण स्वीकृति हेतु प्रेषित किये गए थे। उपरोकत प्रकरणों की आवश्यक जांच आदि की जाकर 7 हितग्राहियों को 25-25 हजार रूपये तथा एक हितग्राही को 50 हजार रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत ऋण राशि का उपयोग हितग्राही सामग्री क्रय, व्यापार उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने और दैनिक संचालन को सुचारू बनाने में कर सकेंगे। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय बाजार में सेवाओं की उपलब्धता भी बेहतर होगी। श्री रजक ने बताया कि नगर निगम द्वारा अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को स्वनिधी योजना की जानकारी प्रदान की जाकर आवेदन आमंत्रित करने का क्रम अनवरत जारी है। वहीं पात्र लाभार्थियों की सूची का नियमित रूप से परीक्षण किया जाकर पात्र हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृति हेतु बैंक की ओर स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जा रहे है। योजना का मुख्य उद्देश्य पथ विक्रेताओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शेष पात्र पथ -विक्रेताओं से आग्रह किया गया है कि इस योजना के तहत शेष छूटे हुए इच्छुक पात्र हितग्राही 15 हजार रुपये के ऋण हेतु तथा पूर्व में प्रथम चरण के तहत ऋण राशि चुकता कर चुके हितग्राही आगामी 25 हजार रुपये एवं 50 हजार रुपये तक के ऋण अथवा योजना से संबंधित अन्य जानकारी हेतु दस्तावेजों सहित निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 63 से संपर्क कर सकते है।

### आंगनबाड़ी में कुपोषित बच्चों की जानकारी मिलने पर जताई चिंता

# एमडीएम एवं शिक्षा की गुणवत्ता को परखने सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आपका नाम क्या है, किस कक्षा में पढ़ते हो, आज क्या पढ़ा और क्या खाया... और भविष्य में आप क्या बनना चाहते हैं, कुछ ऐसे प्रश्नों के जवाब सुनकर छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर, डॉक्टर,इंजीनियर और अन्य उच्च पदों पर जाने की इच्छा जताई। ऐसे कुछ उत्तर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा माध्यमिक शाला बड़गांव में निरीक्षण के दौरान पूछे गए सवालों के फलस्वरुप कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राओं से मिले।

छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए सुश्री कौर ने कहा कि सपना साकार करने के लिए आप कैसी तैयारी कर रहे हैं। आप पिछले 3 सालों के प्रश्नपत्रों को हल करिए। पढ़ाई के लिए नियमित अध्ययन एवं जिज्ञासा का होना जरूरी है। इस दौरान अधिकारियों ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। विद्यालय में सबसे अधिक उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं से प्रेरित होने दूसरे विद्यार्थियों को कहा गया। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन वितरण और गुणवत्ता को लेकर बच्चों से जानकारी ली।

सुश्री कौर के पूछने पर नमन रैदास ने पानी की महत्ता को प्रतिपादित करने वाली बात कही वहीं छवि मिश्रा ने जोश से भरी कहानी सुनाई। जिला पंचायत की सीईओ ने सराहना करते हुए अन्य छात्रों से तालियां बजवाई।

#### आंगनबाड़ी का निरीक्षण

आंगनबाड़ी केंद्र रैपुरा का निरीक्षण करने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने नन्हे मुन्ने बच्चों से बात की। तथा कुपोषित बच्चों के विषय में जानकारी ली। उन्होंने कुपोषित बच्चों की बेहतर देखभाल और पौष्टिक आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। नन्हे मुन्ने बच्चों की मासूम हाजिर जवाबी पर खुश होते हुए उन्होंने कहा कि इनकी माताओं से संपर्क कर इन्हें अच्छे से तैयार करके आंगनबाड़ी केंद्र भेजने को कहें।

#### छात्रावास का किया निरीक्षण

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने रैपुरा में पीडीएस का निरीक्षण करते हुए दुकान खोलने के दिवस, स्टॉक की स्थिति आदि के संबंध में दुकान प्रभारी से जानकारी ली। उन्होंने सख्ती से निर्देश देते हुए कहा कि जन सुविधा हेतु सूचना पटल पर दुकान खोलने के दिन, उपलब्ध सामग्री, स्टॉक की स्थिति एवं मोबाइल नंबर आदि अनिवार्य रूप से लिखना सुनिश्चित करें ताकि नागरिकों को आवश्यक जानकारी के अभाव में अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। इसके बाद सुश्री कौर ने आदिवासी कन्या छात्रावास घुघरा में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं से बात कर जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक सुधार एवं अपूर्ण कार्य को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश नरेंद्र सिंह, परियोजना अधिकारी मनरेगा ऋषिराज चढ़ार, प्रभारी अधिकारी मीडिया योगेंद्र कुमार असाटी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा भागीरथ पटेल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर दिया गया विशेष बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर ए.सी.सी. फैक्ट्री ग्राउंड में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुमित शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों से संबंधित राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना की जानकारी देते हुये सभी नागरिकों से ऐसे व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की अपील की।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने कहा कि मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति भी विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता पाने के हकदार हैं। उन्होंने जनसमुदाय को विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और सभी से इन सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर के दौरान बच्चों के बीच चम्मच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुमित शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। यह कार्यक्रम अनिल त्रिपाठी, जिला सहायक परियोजना अधिकारी, कटनी के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, अभिभावकों एवं बच्चों ने भाग लिया।

**खबर संक्षेप**

### दो तेज रफ्तार मोटर बाइक आपस में आमने-सामने, दोनों ही बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गुनौर-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम घटारी के पास दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा जाने से दोनों ही बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय राहगीरों की मदद से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया जहां दोनों ही बाईक चालकों का प्राथमिक उपचार करने के साथ ही चिकित्सक ने उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। घटना में रामस्वरूप पिता मिहिलाल राजपूत उम्र 70 वर्ष एवं दोस लाल आदीवासी 32 वर्ष निवासी बोदा घटना मे गंभीर रूप से घायल हुए दोनो को अमानगंज से पन्ना के लिए रि फ र किया गया।

### प्रधानमंत्री नल-जल योजना की राशि डकार गए अधिकारी

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर नल से जल पहुंचने के उद्देश्य से योजना शुरू की गई थी लेकिन महत्वपूर्ण योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। पन्ना जिले में नल जल योजना के अंतर्गत नल से जल तो नहीं निकला लेकिन अधिकारियों और ठेकेदारों के जेब के लिए धन पर्याप्त निकला है। ताजा मामला पन्ना जिले में ग्राम पंचायत मुटवा कलॉ में लाखों की लागत से बनाई गई नल-जल योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

### विधारानी सोनी का निधन



**हिण्डोरिया।** नगर के वार्ड नं.12 के पूर्व पार्षद शिवराम सोनी, भगवानदास सोनी, भुवानी सोनी, सुनील सोनी की माता विधारानी सोनी का वृध्दावस्था एवं लम्बी बीमारी के चलते 87 वर्ष की आयु मे निधन हो गया। इनकी अंतिम शव यात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतात्मा की शांति के लिया श्रृध्दांजलि अर्पित की।

तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर हुआ हादसा ट्रैकर पुलिस ने किया जब्त

# अंधे मोड़ पर ट्रैकर की टक्कर से दो बाइक सवार घायल, एक जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शुक्रवार की सुबह 11 बजे थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर झरौली के पुल के पास अंधे मोड़ पर एक डीजल पेट्रोल भरे हुए टैंकर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से एक युवक को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक MP 19 HA.6724 जो कि जबलपुर जिले के शहपुरा भिटोनी से तेन्दूखेड़ा की तरफ आ रहा था जैसे ही ट्रक झरौली गांव के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे बाइक सवारों को अपनी चपेट में लेते हुए टक्कर मारकर मौके से भाग





निकला और पेट्रोल पंप के पास ट्रक को खड़ा करके भाग निकला वहीं घटना में अनुज पिता पवन केवट उम्र 18 वर्ष और यश पिता बृजेश यादव उम्र 17 वर्ष घायल हुए हैं जिसमें अनुज केवट उम्र 18 वर्ष को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अंधे मोड़ बन रहे हादसों की वजह

वही दूसरी ओर स्टेट हाईवे 15 पर दर्जनों अंधे मोड़ होने के कारण सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं लगातार हादसों में लोगों की मौत हो रही है तो दर्जनों लोग गंभीर घायल ओर अपंग हो रहे इसके बाद भी शासन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है ना ही इस और कोई पहल की जा रही है ना ही सूचना व संकेत बोर्ड लगाए जा रहे हैं जिससे लोगों को जागरूक किया जा सकें और हादसों को रोका जा सके लोगों का कहना है अधिकारियों द्वारा किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है तब जाकर इस और कोई पहल और प्रयास किए जाएंगे।

### इन स्थानों पर सबसे ज्यादा हादसे

इस मार्ग पर 30 किमी में सबसे ज्यादा हादसे आए दिन घटित होते हैं जिसमें जबलपुर मार्ग पर नरगुवा की घाट झरौली पुल के पास माहुला पुल के पास पंडा बाबा के पास 27 मील के पास बने टावर के समीप सागर मार्ग पर बम्हौरी की घाट नाग बाबा के समीप बगदरी और तिपनी समीप हादसे हो रहे हैं इन स्थानों पर कहीं भी संकेत व सूचना बोर्ड नहीं है ना ही कोई प्रयास किए जा रहे हैं जिससे इन हादसों को रोका जा सकें।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दमोह।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में आज जे.पी.बी. स्कूल ग्राउंड, दमोह में हैंडबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज, गोपाल पटेल, धर्मेंद्र पटेल, वर्षा रैकवार, अर्चना जैन, रिंकू गोस्वामी, बृजेश सिंह, सुरेंद्र सिंह तोमर, दान सिंह लोधी, महेंद्र राठौर, कृष्णा पटेल, राजुल चौरहा, शिवेंद्र तिवारी, धीरेंद्र तिवारी, श्रृजन असाटी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं खेल प्रशासकों की उपस्थिति में हुआ।

### जांच रिपोर्ट में पनीर पाया गया अवमानक, दुकानदारों को नोटिस जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह माधवी बुधौलिया द्वारा दमोह जिले में अलग-अलग स्थानों पर निरीक्षण कार्यवाही करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये थे। खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच उपरांत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट विभाग को प्राप्त होने पर एक नमूना अवमानक स्तर, दो नमूने मिथ्याछाप एवं एक नमूना असुरक्षित स्तर के पाये गये। ग्राम कुम्हारी बस स्टैंड स्थित विकेश रेस्टोरेंट से लिये गए मिल्क केक का नमूना जांच में मिथ्याछाप पाया गया एवं असाटी वार्ड नंबर 1 दमोह स्थित गुजरात फूड प्रोडक्ट्स के मिष्ठान निर्माण स्थल से लिए गए पेड़ा का नमूना जांच में मिथ्याछाप पाया गया। जांच रिपोर्ट में उक्त दोनों खाद्य पदार्थों के लिए निर्धारित बी.आर. रीडिंग के मान नियत मान से अधिक पाए गए हैं, जिससे मिठाई में वनस्पति की मिलावट की पुष्टि हुई है। इसी प्रकार प्राइवेट बस स्टैंड दमोह स्थित बालाजी दूध डेयरी से लिया गया पनीर का नमूना जांच में अवमानक पाया गया। उक्त खाद्य पदार्थ में निर्धारित मिल्क फैट के मान नियत मान से कम पाए गए जिससे पनीर में से घी या मिल्क फैट को निकालने की पुष्टि हुई, जिससे पनीर अवमानक स्तर का पाया गया। बजरिया वार्ड नंबर 6 राशन दुकान के पीछे स्थित किशोर सिंह ठाकुर बेसन लड्डू निर्माता के खाद्य परिसर से लिए गए बेसन लड्डू के नमूने जांच उपरांत असुरक्षित पाए गए। जांच रिपोर्ट में बेसन लड्डू में प्रतिबंधित मेटानिल येलो कलर के मिलावट की पुष्टि हुई। उक्त सभी दुकानदारों को, सूचना पत्र जारी किए गए।

# कलेक्टर ने हाईस्कूल का किया निरीक्षण व्यवस्थाएँ दुरुस्त करने के दिए निर्देश



**तेंदूखेड़ा।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने गुरुवार को ससना कला एकीकृत हाई स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अनेक गंभीर खामियाँ पाई गईं, जिन पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के पोषण और समुचित देखरेख से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि भोजन वितरण के समय बच्चों के लिए आवश्यक ग्लास और कटोरियाँ उपलब्ध नहीं थीं। इसके अतिरिक्त विद्यालय में मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार न किए जाने की बात भी सामने आई। कलेक्टर गुर्जर ने इस स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि समूह के खाते में बर्तन एवं आवश्यक सामग्री खरीदी के लिए राशि पहले ही जारी की जा चुकी है, इसके बावजूद व्यवस्था में लापरवाही गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि कलेक्टर महोदय ने बच्चों के साथ मध्यान भोजन किया साथ ही बच्चों से वार्तालाप की कलेक्टर ने मौके पर ही निर्देश दिए कि विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन योजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के आदेश दिए। उनके निर्देशों के बाद विद्यालय प्रबंधन ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार प्रारंभ कर दिया। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र जैन ने बताया कि शुक्रवार से मेन्यू के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया जाएगा तथा बच्चों के लिए बर्तनों की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। इसके लिए आवश्यक सामान की खरीदी कर ली गई है और इसे नियमित रूप से संधारित करने की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, उपस्थिति अभिलेख, भोजन सामग्री का स्टॉक तथा रसोईघर की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय की सभी व्यवस्थाएँ निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हों और समय-समय पर औचक निरीक्षण किए जाएँ, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर के निरीक्षण के समय जिला प्रोजेक्ट अधिकारी पी एस पांडे, राखी याग्निक, बी.आर.सी पी एल अहिरवार, जन शिक्षक धर्मेंद्र तथा रामचरण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को कलेक्टर ने अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी से कार्य करने तथा विद्यालयों में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कोचर का यह निरीक्षण विद्यार्थियों की बेहतर सुविधा एवं गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

गंगा झिरिया धाम में तप और त्याग की गूंज

# स्वामी ब्रह्मानंद लोधी जी की जयंती पर 24 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

तपोभूमि सिद्ध क्षेत्र गंगा झिरिया धाम बीजाडोंगरी में परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद लोधी जी की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। लोधी क्षत्रिय समाज जन सेवा समिति जिला दमोह और मां भगवती कल्याण संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ सम्पन्न हुआ। भक्तों ने पूजा अर्चना आरती और प्रसाद ग्रहण कर माता और गुरुवर को नमन किया। इसके पश्चात जयंती समारोह मुख्य अतिथि शोभा सिंह राजपूत प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा एवं भगवती मानव कल्याण संगठन विशिष्ट अतिथि देवी सिंह लोधी जिला उपाध्यक्ष अजमेर सिंह पटनाराजा ब्लॉक अध्यक्ष और अध्यक्षता कर रहे एडवोकेट उम्मेद सिंह लोधी के सान्निध्य में आयोजित हुआ।

### तप त्याग और सेवा की प्रतिमूर्ति स्वामी ब्रह्मानंद जी

जिलाध्यक्ष एडवोकेट उम्मेद सिंह लोधी ने बताया कि स्वामी ब्रह्मानंद जी लोकसभा के प्रथम



भगवाधारी और लोधी समाज के प्रथम सांसद थे। उन्होंने जीवन भर धन को स्पर्श नहीं किया सांसद रहते हुए भी भिक्षा मांगकर भोजन किया और पूरी पेंशन गरीबों और छात्रों में वितरित की। उनके जीवन का आधार नशामुक्त आचरण शिक्षा प्रसार देश सेवा और सामाजिक सुधार रहा। स्वामी जी का जन्म 4 दिसंबर 1894 ग्राम बरहरा राठ हमीरपुर उत्तर प्रदेश में हुआ था और 13 सितंबर 1984 को वे ब्रह्मलीन हुए। मुख्य अतिथि शोभा सिंह ने कहा कि स्वामी जी ने अन्याय अत्याचार और कुरीतियों के विरुद्ध सदैव आवाज उठाई। मृत्यु भोज जैसी प्रथाओं के खिलाफ उन्होंने कई आंदोलन चलाए। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के विचारों का व्यापक प्रचार प्रसार आवश्यक है और इसी उद्देश्य से अगले वर्ष गंगा झिरिया धाम में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। शिक्षा को सर्वोच्च तप मानने वाले स्वामी ब्रह्मानंद जी। जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह लोधी ने बताया कि स्वामी जी 1967 से 1977 तक सांसद रहे। अशिक्षा मिटाने के लिए उन्होंने 1938 में एक कॉलेज की नींव रखी जो 1960 में तैयार हुआ और जिसने पूरे क्षेत्र में शिक्षा का उजाला फैलाया। आज बुंदेलखंड में स्वामी जी के नाम से आठ कॉलेज और अनेक विद्यालय संचालित हो रहे हैं। 1999 में मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने उनके जन्मस्थान पर मूर्ति स्थापित की। गांव का नाम बदलकर स्वामी ब्रह्मानंद जी धाम घोषित किया गया और उनके सम्मान में विशेष डाक टिकट भी जारी हुआ।

कोषाध्यक्ष प्रहलाद सिंह लोधी ने कहा कि स्वामी जी मठ मंदिर बनाने वाले नहीं बल्कि विद्यालय और कॉलेज खोल कर समाज का मार्गदर्शन करने वाले संत थे। उनका जीवन हर नागरिक प्रतिनिधि और साधु संत के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में आचार्य मूरत सिंह नारान सिंह भाव सिंह राजू सिंह रामू सिंह महराज सिंह बब्लू सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रहलाद सिंह अभाना ने किया और आभार प्रदर्शन अर्जुन सिंह लोधी ने किया।

### नवागंत टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय का मुस्लिम समाज ने किया इस्तकबाल



**हिण्डोरिया।** विगत दिवस पुलिस थाना हिण्डोरिया मे थाना हटा से स्थानांतरित होकर आये नवागंत टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय का स्थानीय मुस्लिम समाज के जिम्मेदार प्रतिनिधि मण्डल ने थाना पहुँच कर शाल, श्रीफल एवं फूल मालाओं से भावभीना इस्तकबाल किया। इस मौके पर हिण्डोरिया जामा मस्जिद के सदर हाजी नबाब खान (आरआई), हाजी रफीक मासाब, हजरत बाबा मेहबूब शाह उर्स कमेटी सदर जनाब रहीम खान मुकददम, शेख हुसैन सेठ, शेख शखावत, अवतार बाबू, डॉ. इकबाल खान, आशिक खान, शहजाद कुरैशी, सुजात खान इत्यादि मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अभियान को बच्चों ने टीव्ही पर देखा- सराहा

### बाल विवाह रोकने सामुहिक शपथ भी ली

**हिण्डोरिया।** भारत सरकार के बाल विवाह रोकने जारी 100 दिवसीय अभियान के तहत संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह व्दारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला मे बच्चों एवं शिक्षकों के साथ दिल्ली से प्रसारित कार्यक्रम को टी-व्ही पर देखा गया। साथ ही बाल विवाह के विरुद्ध शाला प्राचार्य अनिल गर्ग व्दारा बच्चों को सामुहिक शपथ भी दिलाई गई। इस बारे मे संकल्प संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे, कार्यकर्ता सुजात खान ने बताया कि भारत सरकार ने सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से



देश को बाल विवाह से मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है। इसी बाल हितैषी संकल्प को साकार रूप देने के लिए पूरे देश के सभी राज्यों में हर स्तर पर व्यापक जन सहभागिता से 27 नवंबर 2025 से 08 मार्च 2026 तक बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के रोकने के विरुद्ध 100 दिवसीय अभियान देश मे चलाया जा रहा है। अभियान के इसी क्रम मे बृहस्पतिवार को स्थानीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में बाल विवाह रोकने भारत सरकार एवं संस्थाओं व्दारा प्रसारित कार्यक्रम को शाला के बच्चों एवं शिक्षकों ने देखा। एवं कार्यक्रम की सराहना भी की।कार्यक्रम के अंत मे बाल विवाह के विरुद्ध सामुहिक शपथ भी दिलाई गई। संस्था व्दारा तेन्दूखेडा. ब्लॉक मे भी इस कार्यक्रम का प्रसारण अनेक स्थानों पर दिखाया गया।आयोजन मे शिक्षक पवन कुमार, रेखा रोहितास, रिचा ताम्रकार, व्याख्याता डीके जैन, शिक्षिका दीपिका सूर्यवंशी एवं बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती भाजपा सरकार-यश घनघोरिया



**दमोह।** जिला युवा कांग्रेस द्वारा नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष यश घनघोरिया के मुख्य आतिथ्य में जिला युवा कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया ने कहा कि आज सभी पदाधिकारी विपरीत परिस्थिति में जीत कर आये है जब चुनाव आयोग सत्ता का दलाल बना हुआ ळे तब युवाओं को ही आगे आकर जमीनी लड़ाई लडना होगी। उन्होंने 14 दिसंबर को राहुल जी के नेतृत्व में दिल्ली में होने जा रही रैली में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि युवा तरूणाई जिले के समस्त ब्लाको से चुन कर आये है वह कभी भी किसी भी समय उनका सहयोग करने तैयार है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल सिंह ने कहा कि एस.आई.आर. को लेकर सम्पूर्ण जिले में युवा कांग्रेस फर्जी नाम कटवाने और युवाओं को अधिक से अधिक जोडने का काम कर रही हैं। पूर्व विधायक प्रताप सिंह, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, लक्ष्मण सींग, रजनी ठाकुर, प्रदीप पटैल, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बसंत कुशवाहा, रोहन पाठक, राजेश तिवारी, परम यादव, लाखन सिंह, शमीम कुरैशी, पप्पू कसोटया, रमेश राठौर, अजय जाटव ने भी युवा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि दमोह भी उनकी कर्मभूमि है। रफीक खान, अरूण दुबे, प्रवेन्द्र चंद्राकार, संजय सेठ, अभिषेक यादव, गोपाल रैकवार, उबेद गौरी, अशोक ठाकुर, वीर सिंह, श्रीकांत पोर्ते, हनी ताम्रकार, सचिन शुक्ला पटेरा, अजय सींग, तरवर सींग, विकास पाण्डेय, शेख इमरोज, अजय सींग पथरिया, प्रवीण राय जबेरा ने भी नवनियुक्त अध्यक्ष से कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में सब दिल्ली पहुंचकर अपनी उपस्थिति देकर इस महाअभियान में शिरकत करेगे। इस अवसर पर विक्की सींग, श्रीकांत पटेल, नरेन्द्र प्रताप, ए.के.चिश्ती, गजराज सींग इनायत अली जिले के युवा इकाइयों की उपस्थिति रहीं।

भागवत कथा समापन पर भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास में डुबकी लगाई

# जलविहार की आस्था से गूंजा मुड़ारी



**बनवार।** गांव मुड़ारी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन कथा व्यास पंडित प्रकाश दुबे के आशीर्वचन, हवन–पूजन और भंडारे के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ। समापन कार्यक्रम में बांदकपुर, हलगज, रियाना, जुझार और रंजरा गांवों के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कथा स्थल पर भक्ति रस में डूबे श्रद्धालुओं ने धर्म की गरिमा, सत्संग और कथा के उपदेशों को आत्मसात किया। भंडारे में सभी ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ पाया। समापन के बाद वातावरण तब और भी पावन हो गया जब डीजे की धुनों पर भक्तों ने नाचते-गाते, गुलाल उड़ाते हुए जुझार गांव की पवित्र ब्यारमा नदी में पारंपरिक जलविहार किया। जलविहार के दौरान नदी तट पर उत्साह, भक्ति और रंगों का ऐसा संगम देखने को मिला जिसमें आस्था की धारा मानो प्रवाहित होती दिखाई दी। स्थलों पर उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया कि जलविहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक परंपरा की वह जीवंत परंपरा है जो समुदाय को एक सूत्र में बांधती है और आस्था को नए रूप में प्रकट करती है।

# युकां प्रदेश अध्यक्ष का तेंदूखेड़ा में हुआ स्वागत



**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का तेंदूखेड़ा में प्रथम नगर आगमन होने पर युवा कांग्रेस के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया जिसमें वरिष्ठ बुद्धिजीवी तथा विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी द्वारा भी स्वागत किया गया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनका यह पहला आगमन है। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर युवाओं के अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ है। तेंदूखेड़ा, तेजगढ़ होते हुए जिला कांग्रेस कमेटी दमोह में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं को आगामी कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रताप सिंह पूर्व विधायक, नीलेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष, शोभाराम नामदेव, जमना यादव,तिलक अहिरवार ,पप्पू सिघई, नोने लाल,राजू सरपंच श्रीराम, कैलाश यादव, आशीष साहू, आशीष पाल, प्रमोद वेन, विनोद अहिरवार,गौरव दुवे, मोहन ठाकुर सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खास बातें**

## नगरीय क्षेत्रों में वार्ड सभाएँ आयोजित होंगी

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार अर्हता 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है। इस सबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु विधानसभा क्षेत्र 054-पथरिया, 055-दमोह, 056-जवेरा एवं 057-हटा के अंतर्गत आने वाले सभी नगरीय क्षेत्रों में 08 दिसंबर 2025 को वार्ड-वार वार्ड सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा संबंधित नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के सभी वार्डों में वार्ड सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये।

## चैंक बाउंस के आरोपी की अपील खारिज

**दमोह।** सत्र न्यायाधीश अनुराग सिंह कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत अपील को विचारण न्यायालय के निर्णय मानते हुए निरस्त कर दी है। परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता मनीष चौबे ने की। अधिवक्ता मनीष चौबे के अनुसार मूरत सींग पिता मोतीसींग लोधी उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम सिमरी राजाराम थाना दमोह देहात जिला दमोह आरोपी लोकेन्द्र सिंह पिता महेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पुरा पायरा थाना दमोह देहात जिला दमोह परिवादी एवं अनावेदक के मध्य काफी लम्बे समय से अच्छें पारिवारिक संबंध मुधर थे इन्ही मधुर संबंधों के चलते व्यक्तिगत आवश्यकताओं को बताकर माह अप्रैल 2019 में 200000 रूपये अंकन दो लाख रूपये दिये आरोपी ने उधारी चुकाने के लिए चैक दिया था आरोपी के खाते में राशि न होने से चेक बाउंस हो गया था जिस पर परिवादी के मामले को न्यायालय ने सिद्ध पाते हुये आरोपी को 6 माह के कारावास एवं 308000 रूपये अंकन तीन लाख आठ हजार रूपये प्रतिकर के रूप मं अदा नहीं करने की दशा में 3 माह का कारावास प्रथक से भुगताये जाने का दण्डादेश पारित किया है।

### तीन आरोपियों को सजा, न्यायालय ने छह माह से भी कम समय में सुनाया फैसला

# कहीं की दिखाई जमीन, कहीं की कराई रजिस्ट्री, आरोपी गये जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायाधीश पंकज वर्मा की अदालत ने भूमि धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की ओर से प्रभावी पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई।

### यह था मामला

सुभाष कॉलोनी निवासी विनोद राठौर और संदीप राठौर ने व्यवसाय के लिए जमीन खरीदने हेतु आरोपी जमुना उर्फ जुम्मन अहिरवार पिता धनीराम निवासी हिरदेपुर से संपर्क किया। जुम्मन ने उन्हें आमचोपरा रैयतवारी स्थित खसरा नंबर 4/75 का 2000 वर्गफुट का प्लॉट दिखाया और बताया कि यह जमीन संतोष जैन की है, जिसकी बिक्री के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी नियाज उर्फ कल्लू वारसी पिता इसराइल वारसी निवासी चेनपुरा बजरिया को दी गई है। प्लॉट की देखरेख गोविंद यादव पिता डालचंद यादव निवासी आमचोपरा के पास बताई गई। 15 लाख 60 हजार रुपये में सौदा तय होने के बाद दिखाए गए प्लॉट के फोटो लगाकर रजिस्ट्री कराई गई। किंतु निर्माण कार्य शुरू होने पर हृदय पटेरिया द्वारा आपत्ति दर्ज किए जाने पर खरीदारों को पता चला कि रजिस्ट्री में तो खसरा नंबर 4/75 दर्ज है, जबकि बेची गई जमीन वास्तव में खसरा नंबर 3/22 है।

### जांच में निकला फर्जीवाड़ा

तहसीलदार कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट में सामने आया कि रजिस्ट्री में लगे फोटोग्राफ जिस प्लॉट के हैं, बेची गई भूमि उससे पूरी तरह भिन्न है। पुलिस ने आरोपियों नियाज वारसी, गोविंद यादव, जमुना (जुम्मन) अहिरवार के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक षड्यंत्र का प्रकरण दर्ज कर आरोप-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### महत्वपूर्ण निष्कर्ष

अदालत ने माना कि नियाज वारसी ने पावर ऑफ अटॉर्नी का दुरुपयोग कर गलत स्थान की जमीन दिखाकर रजिस्ट्री कराई। गोविंद यादव और जमुना अहिरवार ने सक्रिय भूमिका निभाई और रजिस्ट्री में गवाह के रूप में कूटरचना को आगे बढ़ाया। नकद राशि जब्त न होने एवं गोविंद और जमना के रजिस्ट्री में मात्र गवाह होने का तर्क अस्वीकार किया गया, क्योंकि घटना के 14 माह बाद दर्ज एफआईआर के चलते राशि का खर्च हो जाना स्वाभाविक माना गया और फर्जी रजिस्ट्री में गवाह होना भी आपराधिक षड़यंत्र का हिस्सा है।

### त्वरित न्याय

महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यह प्रकरण 13 मई 2025 को न्यायालय के समक्ष आया, 16 जून 2025 को आरोप तय हुए, और मात्र 6 माह से भी कम अवधि में न्यायालय ने फैसला सुना दिया।यह निर्णय भूमि संबंधित धोखाधड़ी मामलों में न्यायालय की तत्परता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।



**अदालत ने सुनाई सजा**

- भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 466 तथा 120-B के तहत अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी ठहराया।
- नियाज वारसी : 5 वर्ष एवं 4 वर्ष का सश्रम कारावास
- गोविंद यादव व जमुना अहिरवार : 4-4 वर्ष का सश्रम कारावास
- सभी पर कुल 37,000 का अर्थदंड

# लाखों के जेवर लेकर भागी लुटेरी दुहन का खुलासा

### तीन साथियों को इमलिया पुलिस ने गिरफतार कर न्यायालय में पेशकर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

लगभग 5 माह पहले 6 लाख रूपए के जेवर लेकर भागी लुटेरी दुलहन और उसके साथियो को खोजकर इमलियां पुलिंस ने मामले का खुलासा कर संबंधित तीन आरोपियों को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक ऋषभ जैन पिता मूलचंद जैन निवासी मनका थाना तेजगढ द्वारा चैकी इमलिया में दिनांक 12.06.2025 को आवेदन दिया था। जिसमें उल्लेख किया था कि ऋषभ जैन की शादी जबलपुर की कृक्तिका उर्फ मुस्कान जैन के साथ हुई थी। जिसमें लड़की के परिजन साथी पुष्पा जैन, मुन्ना चैहान एवं उसकी पत्नि सोना उर्फ राध बेन, प्रकाश पटेल के द्वारा शादी कराई गई थी। तथा शादी कराने के लिए पहले 5 लाख 50 हजार रूपए लड़का पक्ष से नगद शादी के बदले में लिये गये थे। लगभग 01 माह के बाद ग्राम मनका से लड़की कृतिका जैन करीबन 06 लाख के सोना-चांदी के जेबर लेकर अपनी बुआ के साथ मायके जबलपुर चली गई थी। लड़का पक्ष वाले जबलपुर 02 से 03 दिन बाद लेने गए तो कृतिका व उसकी बुआ जिस किराये के मकान रहती थी वह खाली करके भाग गए। जिन्हे खोजने पर नहीं मिले तो ऋषभ जैन के द्वारा इमलियां चैकी में अनावेदकों के विरूद्ध अपराध कमांक 194।2025 धारा 318(4), 61 (2), 111(2)बी, 111 (3) बीएनएस. के तहत मामला पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विवेचना में लिया गया। विवेचना में ज्ञात हुआ कि आरोपी कृतिका जैन व पुष्पा जैन थाना चिमनगंज मंडी जिला उज्जैन के अपराध कमांक 612।2025 दर्ज है इसके अलावा थाना कोतवाली जिला शाजापुर के अपराध क्रमांक 570।2025 में जैल उज्जैन में बंद है। शेष आरोपीगण मुन्ना चैहान पिता स्व. धन्नालाल चैहान एवं सोना उर्फ राधा बेन दोनो निवासी जबलपुर व प्रकाश पटेल निवासी इटवा थाना पथरिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्यवाही में सउनि, अक्षेन्द्रनाथ, प्रा. भागवत पटैल, उमाशंकर, हीरालाल, आर. रोहित, मुकेश, प्रियंका दुवे, नीलेश ठाकुरग्राम रक्षा समिति सदस्य मान्या अठया टेक सिंह, श्याम अठयां, नीलेश ठाकुर की भूमिका रही।

## कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत....



**दमोह।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार ₹कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के द्वारा प्राचार्य डॉ.जी.पी. चौधरी एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अवधेश जैन के मार्गदर्शन में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. प्रणव मिश्रा, डॉ. आराधना श्रीवास एवं डॉ. राजेश पौराणिक ने कक्षा 12वीं की छात्राओं को सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया के पूर्व मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली सुविधा विभिन्न योजनाओं एवं छात्रवृत्ति जैसे प्रतिभा किरण योजना, गांव की बेटी योजना, मेधावी जनकल्याण योजना एवं आवास एससी-एसटी ओबीसी की जानकारी के साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं पाठ्यक्रम की जानकारी दी। इसके साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विशेष संरचना राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नई शिक्षा नई उड़ान के संबंध में छात्राओं को अवगत कराया कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर एवं समस्त स्टाफ का मार्गदर्शन रहा।

# टाइगर रिजर्व में अब 26 बाघ

### इनमें 22 बाघ-बाघिन राधा और उसकी दो बेटियों से जन्में

**तेन्दूखेड़ा।** तीन जिले की सीमा में फैले वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (पुराना नौरादेही अभयारण्य) में बाघ गणना चल रही है। सबसे पहले 18 अप्रैल 2018 को कान्हा नेशनल पार्क से बाघिन नौरादेही लाई गई। इसे ऑफिशियली नामकरण हुआ एन-1 और स्थानीय लोगों ने इसे राधा नाम दिया। राधा के जीवन संघर्ष की कहानी बेहद मार्मिक है बाघिन राधा की मां ने पेंच टाइगर रिजर्व में साल 2014-15 में 4 शावकों को जन्म दिया था, जिनमें से एक राधा भी थी। शिकारियों ने उस जलस्रोत में जहर घोल दिया था, जहां राधा का परिवार पानी पीने जाता था। जहरीला पानी पीने से बाघिन और दो शावकों की मौत हो गई राधा व एक अन्य शावक जीवित बच गया। दोनों का रेस्क्यू कर कान्हा टाइगर रिजर्व भेजा गया। दो दिन बाद एक और शावक ने दम तोड़ दिया। अकेली राधा जीवित बची उसे जंगल में अनुकूल माहौल में रखकर बचा लिया गया।

### राधा की शिफ्टिंग के दो माह बाद बाघ लाया गया

राधा की नौरादेही में शिफ्टिंग के ठीक दो महीने बाद बांधवगढ़ से बाघ लाया गया। नामकरण हुआ एन-2 और किशन मई 2019 में राधा ने पहली बार तीन शावकों को जन्म दिया। इनमें दो बाघिन व एक बाघ हैं। राधा से पहली बार में जन्मी उसकी दो बेटी एन-111 और एन 112 मां बनीं तो राधा ने तीसरी पीढ़ी देख ली। जून 2023 में बाघ किशन की और बाहर से आए बाघ एन-3 के बीच टेरिटरी को लेकर हुए संघर्ष में मौत हो गई। किशन और राधा की बेटियां टाइगर रिजर्व को बाघों से आबाद कर रही हैं।

# धर्म का स्तंभ पौराणिक विधा में छुपा है- श्री भगवान वेदांताचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जीव मात्र का कल्याण कैसे हो यह एक जीवंत प्रश्न है जो युगों से चला आ रहा है क्योंकि हम जिसमें चराचर जगत विद्यमान है प्राणी मात्र का जीवन एक दर्शन है जिसका आधार धर्म ही है जिसकी संपुष्टि पुराणों में छुपी है जिसमें शिव महापुराण की कथा सुलभता से उसे साकार करती दिखाई दे रही है इस कारण काशी में लाखों शिव भक्त संवाहक के रूप में धर्म के रक्षक बनके विश्व में धर्म ध्वजाथाम कर उसे लहरा रहे है जिसमें धर्माचार्य भी है जो अपनी ऊर्जा से सजग प्रहरी बन भगवान मृत्युंजय की साधना करके आत्मज्ञान की दिशा में कदम बढ़ाते है दार्शनिक दृष्टि से धर्माचार्यों, संन्यासियों के पास एक संतुलित दृष्टि है जो सुशासन युक्त राष्ट्रीय भावना की एकता में दिन रात एक कर जन मानस को ज्ञान भक्ति वैराग्य के हित में समर्पित किए हुए है इसलिए राष्ट्र का निर्माण धर्म के नैतिक मूल्यांकन के बिना नहीं। अखंड भारत का निर्माण यही संभव नहीं इसी की चाह में सत्यं शिवम्‌ सुंदरम्‌ का स्वरूप जन मानस में उतारना होगा जिसके लिए नवदिवसीय शिव कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्री महंत राम दास त्यागी बाबा शिवपुर के सानिध्य में चल रहा है जिसमें मौलिक सिद्धांतों का उपयोग ही यज्ञ की ऊर्जा में है इसे निष्पादित करना सभी का मूल कर्तव्य है इस बात की पुष्टि करते हुए भारतीय संतानों को सिखाया जा रहा है कि मंगल ध्वनि का उद्घोष ही पर्यावरण को शुद्ध रखेगा हमें यज्ञों वै प्राणः सूत्र को साकार करते हुए कथा में शिव के जीवन दर्शन को समझना चाहिए जिससे सुख समृद्धि लोगों के मध्य आ कर निवास करे कोई दुखी न हो सभी के कल्याण में समाहित शिव कथा में लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रामदास त्यागी, सहित महंत मोहन दास कोतवाल, श्री महंत रामेश्वर दास धनुर्धारी बाबा सियाराम दास यज्ञाचार्य पं. जितेन्द्र तिवारी, पं. लवकुश तिवारी एवं रोहित शुक्ला मुख्य यजमान विनोद दुबे, मंत्री पुरुषोत्तम जालान, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कमलेश केशरी, सहित अनेक श्रद्धालुगण की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## शहर में निकली अनोखी बारात, बारात में दूल्हे के साथ निकली दुल्हन



**दमोह।** डॉक्टर कार्तिक शर्मा और प्रोफेसर नेहा का विवाह अपने आप में मिसाल बन गया। इस आयोजन के पीछे खड़ी थी—नई सोच के साथ चलने वाली एक पुरानी लेकिन मजबूत मान्यता। डॉ. केदारनाथ शर्मा, जो पर्यावरण और समाज सुधार की सोच के लिए जाने जाते हैं, ने अपने बेटे की शादी पर वही किया जो वे वर्षों से कहते आए हैं—"शुभ कार्य देवताओं के साक्षी में होने चाहिए। उनका विश्वास है कि रात में, जब देवता विश्राम करते हैं, विवाह जैसे पवित्र संस्कार में उनका आशीर्वाद पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं होता। इसलिए फेरे दिन के उजाले में प्यासी मंदिर परिसर में शांति और सादगी के साथ संपन्न कराए गए। दिन में शुभ संस्कार के बाद रात को शहर ने एक अनोखी बारात दिखी—दूल्हा-दुल्हन बग्गी पर विराजमान, और उनके आगे-पीछे पारंपरिक बैंड-बाजों की धुन। शहर की सड़कों ने मानो एक उत्सव का रूप ले लिया। हर मोड़ पर लोग ठहरकर इस अनोखी बारात को देखते रहे। यह सिर्फ बारात नहीं थी, बल्कि एक संदेश था कि परंपराओं को बदले बिना भी समाज में नई सोच को अपनाया जा सकता है। डॉ. केदारनाथ कहते हैं— "जहां स्त्री और पुरुष में कोई भेद नहीं होता, वहां हम क्यों रूढ़िवादी परंपराओं में बंधे रहें? बदलाव हमें खुद से शुरू करना चाहिए, तभी समाज आगे बढ़ेगा।"

# मरीज सपना लोधी को एयर एम्बुलेंस से दमोह से भोपाल एम्स अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जिले की तहसील हटा के ग्राम लुहर्रा निवासी गर्भवती महिला मरीज 24 वर्षीय सपना लोधी पति नीलेश लोधी को जब डिलीवरी के बाद जो थोड़े कॉम्प्लिकेशंस आए थे उससे मरीज की स्थिति गंभीर थी, ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया कि मरीज को राज्य सरकार की पीएम श्री एयर एम्बुलेंस योजना अंतर्गत लाभ दिलाते हुए तत्काल यहां से भोपाल शिफ्ट किया जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की पहल पर होमगार्ड ग्राउण्ड से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से सपना लोधी को एम्स भोपाल भेजा गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी टीम में प्रभारी डॉक्टर विक्रांत चौहान ने पूरे मिशन को लीड किया और साथ में सिविल सर्जन तथा मेडिकल टीम ने इनका पूरा सहयोग किया। इसके लिए चॉपर एजेंसी जो चॉपर रन करती हैं उनके साथ संपर्क करके प्लान किया गया। उन्होंने बताया यहां से मरीज सपना लोधी को एयर एम्बुलेंस से रवाना कर दिया गया और वहां पर भोपाल उतरने के बाद वहां से फिर एम्बुलेंस तकाल इनको अस्पताल ले जाया गया और वहां पर इनका इलाज प्रारंभ हो गया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा दमोह के लिए यह महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि दमोह जिले के पहले मरीज को इस योजना के अंतर्गत भेजा गया। उन्होंने कहा हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी यदि कोई ऐसे गंभीर पेशेंट आते हैं, तो इनको हम तत्काल इस सेवा का लाभ दिलाते हुए भेजेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह करते हुए कहा राज्य सरकार ने पीएम श्री एयर एम्बूलेंस सेवा के रूप में एक बहुत ही अच्छी योजना तैयार की है, जिसके माध्यम से बहुत गंभीर स्थिति में पेशेंट को सड़क मार्ग से ले आने में समय लग सकता है और उससे पेशेंट की जान भी जा सकती, लेकिन हवाई मार्ग से तत्काल पहुंचा करके और मरीज को राहत दिलाई जा सकती है, उनको बचाया जा सकता है। अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ लें और यदि इस योजना का लाभ लेना है पेशेंट की हालत बहुत गंभीर है, तो दमोह हेल्पलाइन 07812350300 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा डॉक्टर विक्रांत सिंह चौहान नोडल अधिकारी हैं। पूरे केस का परीक्षण करके और फिर कलेक्टर को अवगत करायेंगे और कोशिश करेंगे की अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ दिलाया जा सके।

# कुर्मी समाज पर अभद्र टिप्पणी करने पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### अभद्र टिप्पणी से कुर्मी समाज में आक्रोश आरोपी मुरारी पाड़े पर एनएसए का प्रकरण दर्ज कराने दिया ज्ञापन



**तेन्दूखेड़ा।** सागर जिले के रहली थाना क्षेत्र के ग्राम मड़िया समदई निवासी मुरारी पाड़े द्वारा सोशल मीडिया पर कुर्मी समाज के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद प्रदेशभर के कुर्मी समाज में भारी आक्रोश भड़का है जहां प्रदेशभर के कुर्मी समाज के लोगों द्वारा कार्रवाई की मांग की जा रही है। शुक्रवार को कुर्मी समाज के बैनर तले बड़ी संख्या में तेंदूखेड़ा ब्लॉक के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र के कुर्मी समाज के लोगों द्वारा तहसील कार्यालय में एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नायब तहसीलदार चंदशेखर शिल्पी को एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मुरारी पाड़े लगातार सोशल मीडिया पर पूरे कुर्मी समुदाय और अन्य वर्गों के प्रति अमानवीय अशोभनीय और अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर समाज में नफरत फैलाने की कोशिश कर रहा है। कुर्मी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल ने कहा मुरारी पाड़े पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर आज यह ज्ञापन सौंपा है। समाज का आरोप है कि इतनी गंभीर टिप्पणी के बावजूद सागर पुलिस ने आरोपी पर सिर्फ सामान्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। इससे समाज में नाराजगी और अविश्वास दोनों बढ़ रहे हैं समाज के लोगों ने चेतावनी भी दी है कि यदि मांग के अनुसार कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस पर समाज पर समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल ने कहा कि मुरारी पाड़े ने सोशल मीडिया पर कुर्मी समुदाय और किसानों के प्रति बार बार गालियों और अपशब्दों का इस्तेमाल किया। यह समुदाय का अपमान ही नहीं बल्कि सामाजिक सौहार्द के खिलाफ सोचा समझा प्रयास है। इसलिए आरोपी पर एनएसए की कार्रवाई की जाए। इस दौरान कुर्मी समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल,अन्नू पटेल, जी डी पटेल,प्रताप पटेल, दयाशंकर पटेल, राजकुमार पटेल,मुकेश पटेल,रूपलाल विश्वकर्मा, पन्ना लाल यादव,देवी पटेल,सुदामा पटेल,सौरभ पटेल, रामावतार पटेल,वृन्दावन पटेल,मोहित पटेल, रामबाबू पटेल, मथुरा पटेल,लट्टू पटेल, रामलाल पटेल , यशवंत पटेल,प्रशांत पटेल,भरत पटेल,संतोष पटेल,पंकज पटेल,रामनाथ पटेल, धनीराम पटेल, रमेश पटेल, अमित पटेल,रामनरेश पटेल ,मंगल पटेल एवं समस्त कुर्मी समाज एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ने जिला अस्पताल में 50 कम्बल भेंट किये




**दमोह।** समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी रहने वाली संस्था रोटरी क्लब ने एक बार फिर अनुकरणीय कार्य किया है। संस्था द्वारा ठंड के प्रकोप को देखते हुये अस्पताल में व्यवस्थाओं के सहयोग करने के लिये जिला अस्पताल में 50 कम्बल भेंट किये। जिला अस्पताल के सीएस डॉ प्रहलाद पटैल को कंबल दिये। इस अवसर पर संस्था के किशन लाल हुरा बाब जी के साथ ही अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर जबेरा में निशुल्क कोचिंग क्लास का शुभारंभ



**जबेरा।** पिछले कुछ दिन पूर्व एस आई आर सर्वे के दौरान जब कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जबेरा के हरिजन मोहल्ले में एक चौपाल में पहुंचे थे चौपाल में उपस्थित कुछ छात्रों ने कलेक्टर महोदय के समक्ष अपनी शिक्षा संबंधी समस्याएं रखी थी उससमय छात्रों ने कलेक्टर महोदय से स्पष्ट रूप से कहा था कि वे पढ़ना तो चाहते हैं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण उन्हें कोचिंग जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती हैं छात्रों की यह बात सुनकर के कलेक्टर ने तत्काल निर्देश दिए थे कि आगामी 1 दिसंबर से जबेरा विद्यालय में निशुल्क कोचिंग क्लास की व्यवस्था शुरू की जावे। कलेक्टर महोदय के निर्देश के बाद विद्यालय प्रशासन हरकत में आया एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए विद्यालय में विगत 1 दिसंबर से निशुलकोचिंग क्लास शुरू कराई गई इन कक्षाओं में कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं के छात्रों को गणित,अंग्रेजी,विज्ञान एवं आर्ट स के सभी विषयों की तैयारी पूरी तरह से निशुल्क कराई जा रही है जिसमें जबेरा एवं आसपास के ग्रामों के अध्यनरत छात्र-छात्राएं भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। स्थानीय लोगों एवं विद्यार्थियों में इस पहल को लेकर के उत्साह देखा जा रहा है निशुल्क कोचिंग की यह सुविधा न केवल बच्चों की पढ़ाई में मदद करेगी बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी छात्रों के लिए नई उम्मीद भी जगाएगी। विद्यार्थियों केअभिभावकों में भी कलेक्टर महोदय द्वारा शुरू कराई गई इस पहल पर खुशी जाहिर की जा रही है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं दिवांशु चक्रवर्ती उम्र 26 वर्ष वल्द महेश चक्रवर्ती साकिन गार्ड लाईन मागंज वार्ड नं. 1 दमोह तहसील व जिला दमोह (म.प्र.) निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं : यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरे समस्त दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेनकार्ड में मेरा नाम DEEWANSHU CHAKRAWARTI दर्ज है। यह कि मेरी कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की अंकसूची में मेरा नाम DEWANSHU दर्ज है। जबकि मेरा पूरा नाम DEEWANSHU CHAKRAWARTI है। यह कि मुझे DEWANSHU व DEEWANSHU CHAKRAWARTI दोनों नामों से जाना जाता है जो कि मेरी जाति चक्रवर्ती है। मैं नाम के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। शपथकर्ता